Nai Dunia, 02nd May 2022, Page – 02

# आइआइटी इंदौर की टीम ने मिट्टी और चट्टानों की जानकारी दी

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर की टीम ने सीआरसी प्रेस लंदन टेलर और फ्रांसिस ग्रुप द्वारा प्रकाशित भारत की मिट्टी और चट्टानों की भू-तकनीकी विशेषताएं नामक पुस्तक के 21वें अध्याय में अपना योगदान दिया है। आइआइटी इंदौर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डा. ललित बोराना, प्रो. मनीष कुमार गोयल, डा. विकास पूनिया अध्याय का नाम मध्य प्रदेश है। इसे इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के शोधकर्ता संजय भौमिक और वीके पंवार के सहयोग से लिखा गया है। किताब को एडिथ कोवान विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग के संजय कुमार शुक्ला ने संपादित किया था। अध्याय में मध्य प्रदेश में उपलब्ध भू- सामग्री जिसमें मिट्टी और चट्टानों के विभिन्न भू- तकनीकी विवरणों के बारे में बात की गई है।